भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †4075**

उत्तर देने की तारीख-19/12/2024

**पश्चिम बंगाल में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय**

†4075. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति (एसटी) आबादी वाले ब्लॉकों की सूची क्या है;

(ख) उपर्युक्त में से उन ब्लॉकों का ब्यौरा क्या है जहां वर्तमान में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) संचालित हैं;

(ग) अन्य पात्र ब्लॉकों में ईएमआरएस की अनुपस्थिति के क्या कारण हैं;

(घ) क्या निकट भविष्य में इन ब्लॉकों या पश्चिम बंगाल के अन्य क्षेत्रों में नए ईएमआरएस स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक अनुसूचित जनजाति (एसटी) आबादी वाले शीर्ष बीस ब्लॉकों की सूची है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

श्री दुर्गादास उइके

**(क) से (घ):** जनजातीय बच्चों को उनके अपने परिवेश में नवोदय विद्यालय के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 2018-19 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की केंद्रीय क्षेत्र योजना शुरू की गई थी। 440 ईएमआरएस, 50% से अधिक अजजा आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों (जनगणना 2011 के अनुसार) वाले प्रत्येक ब्लॉक में एक ईएमआरएस को अनुमोदित किया गया है, बशर्ते राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जाए। 2018-19 से पहले अनुच्छेद 275(1) के तहत 288 विद्यालय स्वीकृत किए गए थे।

पश्चिम बंगाल में कुल 9 विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 2018 से पहले अनुच्छेद 275 (1) के तहत स्वीकृत 08 ईएमआरएस शामिल हैं। सभी 08 ईएमआरएस कार्यात्मक हैं और राज्य सरकार द्वारा 07 स्थानों पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। यद्यपि मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल राज्य सरकार को पर्याप्त निधि उपलब्ध करा दी है, फिर भी राज्य सरकार द्वारा ईएमआरएस कलिम्पोंग का कार्य अभी तक शुरु होना बाकी है।

जनगणना 2011 के अनुसार, नई योजना के तहत ईएमआरएस की स्थापना के लिए दोहरे मानदंडों को पूरा करने वाले पुरुलिया जिले के केवल बंदवान ब्लॉक की पहचान की गई है। बंदवान ब्लॉक में ईएमआरएस क्रियाशील नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार निर्माण एजेंसी को भूमि उपलब्ध नहीं करा पाई है। पश्चिम बंगाल के ईएमआरएस विद्यालयों की सूची इस प्रकार है:-

| क्र.सं. | जिला | ब्लॉक/तालुका | गांव | योजना | स्वीकृति का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बंकुरा | खातरा | गोराबारी | अनुच्छेद 275 (1) | 1997-98 |
| 2 | बीरभूम | बोलपुर श्रीनिकेतन | कनकुटिया | अनुच्छेद 275 (1) | 2005-06 |
| 3 | दक्षिण दिनाजपुर | बंसीहारी | कुआरसाई | अनुच्छेद 275 (1) | 2005-06 |
| 4 | जलपाईगुड़ी | नागराकाटा | सुलकापारा | अनुच्छेद 275 (1) | 1997-98 |
| 5 | झारग्राम | झारग्राम | झारग्राम (सत्यबनपल्ली) | अनुच्छेद 275 (1) | 1997-98 |
| 6 | कलिम्पोंग | कलिम्पोंग | कलिम्पोंग | अनुच्छेद 275 (1) | 2018-19 (पुराना) |
| 7 | पश्चिम बर्धमान | कांकसा | रघुनाथपुर | अनुच्छेद 275 (1) | 1997-98 |
| 8 | पुरुलिया | मनबाज़ार - II | शुसिना | अनुच्छेद 275 (1) | 1997-98 |
| 9 | पुरुलिया | बंदवान | राज्य को अभी जमीन प्रदान कराना बाकी है। | नई योजना | राज्य को अभी जमीन प्रदान कराना बाकी है। |

**(ङ):** 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक अनुसूचित जनजाति (अजजा) आबादी वाले शीर्ष 20 (बीस) ब्लॉकों की सूची नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | जिले का नाम | उप जिले का नाम | कुल जनसंख्या | अजजा जनसंख्या | अजजा जनसंख्या का % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरुलिया | बंदवान | 94929 | 49232 | 51.86 |
| 2 | जलपाईगुड़ी | नागराकाटा | 127397 | 62624 | 49.16 |
| 3 | पुरुलिया | मनबाज़ार - II | 97164 | 47580 | 48.97 |
| 4 | बांकुड़ा | रानीबांध | 119089 | 56061 | 47.07 |
| 5 | जलपाईगुड़ी | मटियाली | 117540 | 51789 | 44.06 |
| 6 | जलपाईगुड़ी | कालचीनी | 298458 | 120282 | 40.30 |
| 7 | पश्चिम मेदिनीपुर | नयाग्राम | 142199 | 56887 | 40.01 |
| 8 | पश्चिम मेदिनीपुर | बिनपुर-द्वितीय | 164522 | 65722 | 39.95 |
| 9 | जलपाईगुड़ी | मदारीहाट | 202026 | 78314 | 38.76 |
| 10 | दार्जिलिंग | कलिम्पोंग - II | 66830 | 24773 | 37.07 |
| 11 | जलपाईगुड़ी | मल | 299556 | 103356 | 34.50 |
| 12 | दार्जिलिंग | कलिम्पोंग-I | 74746 | 25657 | 34.33 |
| 13 | पश्चिम मेदिनीपुर | केशियारी | 149260 | 51128 | 34.25 |
| 14 | पश्चिम मेदिनीपुर | गोपीबल्लवपुर - आई | 108254 | 36819 | 34.01 |
| 15 | दार्जिलिंग | रंगली रंगलियोट | 70125 | 23187 | 33.07 |
| 16 | पुरुलिया | संतुरी | 78515 | 25083 | 31.95 |
| 17 | पुरुलिया | बलरामपुर | 137950 | 43738 | 31.71 |
| 18 | दार्जिलिंग | कुर्सियांग | 94347 | 29232 | 30.98 |
| 19 | दार्जिलिंग | मिरिक | 46374 | 14280 | 30.79 |
| 20 | दार्जिलिंग | फांसीदेवा | 204522 | 62595 | 30.61 |

*****